
Karnataka Board

Mid Term Question Paper



1st PUC
Question Paper

aglasem.com

I PUC-I YEAR MIDTERM EXAMINATION-2022

Time : 3 Hours 15 Minutes | SUBJECT : HINDI (03) | MARKS : 100

सूचना : 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है । 2) प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

I. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । 6X1=6

1) थाली उठाकर किसने पलट दी ?
2) प्रत्येक आत्मा क्या है ?
3) कमजोरी किसके समान है ?
4) लेखक के मन में किसके प्रति मैल नही रहा ?
5) महादेवी वर्मा को किसका अनुभव बहुत संक्षिप्त था ?
6) डा. बी. आर. अंबेडकर का जन्म कब हुआ ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लिखिए । 3X3=9

7) लालबिहारी आनंदी पर क्यों बिगड पडा ?
8) शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंदजी क्या कहते है ?
9) निन्दा की महिमा का वर्णन कीजिए ।
10) महादेवी वर्मा को बिन्दा की याद क्यों आयी ?
11) अंबेडकर जी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए ।

II. अ. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहाँ ? 4X1=4

12) 'जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है' ।
13) 'वह रही मेरी अम्मा' ।
14) मुझसे जो कुछ अपराध हुआ, क्षमा करना ।
15) "क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह नही है" ।

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए । 2X3=6

16) 'पर तुम आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है' ।
17) 'ढोंगी बनने की अपेक्षा स्पष्ट रूप से नास्तिक बनना अच्छा है' ।
18) 'आ बेटा तुझे कलेजे से लगा लुँ' ।
19) 'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नही कहती, फिर ये न नयी रहेंगी और न डाटेंगी' ।

III. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए। 6X1=6

20) कस्तुरी कहाँ बसती है ?
21) विष का प्याला किसने भेजा था ?
22) सीता की सखियाँ कौन है ?
23) नारी कब पत्थर तोड रही थी ?
24) कवयित्रि को किसने कभी नहीं रूलाया ?
25) दुनिया कैसी है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो का उत्तर लिखिए। 2X3=6

26) गुरू की महिमा के बारे में कबीर क्या कहते है ?
27) तुलसीदास के अनुसार मनुष्य के जीवन में संतोष धन का क्या महत्व है ?
28) सीता जी प्रकृति सौंदर्य के बारे में क्या कहती है ?
29) किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड रही थी ?

इ. निम्नलिखित ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए । 2X4=8

30) माटी कहे कुम्हार से तु क्या रौंदे मोय ।
इक दिन ऐसो होयगो मैं रौंदुंगा तोय ॥

-अथवा-

तुलसी काया खेत है, मनसा भयो किसान
पाप पुण्य दोऊ, बीज है, बुवै सो लुनै निदान ॥

31) मैं हूँ प्रेममयी, जग दिखता
मुझे प्रेम का पाराबार
थरा प्रेम से मेरा जीवन ।
लुटा रहा है निर्मल प्यार ॥

-अथवा-

जब-जब जग ने कर फैलाये
मैने कोश लुटाया
रेक हुआ मै निज निधि खोकर,
जगती ने क्या पाया ?

IV. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए। 6X1=6

32) बालक का नाम क्या था ?
33) युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए ।
34) संतु की पीठ पर क्या पडी ?
35) पाँच वर्ष में युवक की कितनी पत्नीयाँ मर गई ?
36) गन्दी कोठरी में बालक को खाने केलिए क्या मिला ?
37) प्रभा की सगाई किनके साथ हुई ?

(P.T.O)

aglasem.com
schools.aglasem.com

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3X3=9

38) मछुआ का चरित्र-चित्रण किजिए ।

39) मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट किजिए ।

40) संतु का परिचय दीजिए ।

41) शराबी को बच्चा कहाँ मिली वह उसे अपने साथ क्यों लाया ?

42) अंततः पहाडी तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?

43) चम्मच खो जाने पर बीरजी की क्या प्रति क्रिया हुई ?

V. अ. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए। 5X1=5

44) 1) मेज में पुस्तक पडी है ।
2) निन्दा का ऐसा महिमा है ।
3) मेरे को उसने बुलाया ।
4) आनंदी अपने नए घर में आया ।
5) सरला ने कहानी पढा ।

आ. कोष्टक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए । (को, ने, से, का, पर) 5X1=5

45) क) पेड ..... पत्ता गिरा ।
ख) मेज ..... पंखा रखा है ।
ग) बिल्ली ..... चुहे को मारा ।
घ) यह राजू ..... घर है ।
ङ) उसने भिखारी ..... भीख दी ।

इ. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए । 4X1=4

46) ट) आँखे लाल होना
क) धोखा देना ।
ठ) उल्लु बनाना
ख) अलिंगन करना ।
ड) गले लगाना
ग) मुर्ख बनाना ।
ढ) बेइमान करना
घ) गुस्सा करना ।

ई. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए। 3X1=3

47) 1) माताजी मंदिर जाएँगी । (वर्तमान काल में बदलिए)
2) सुधा हँसती है । (भविष्यत काल में बदलिए)
3) कल मेहमान आयेंगे । (भूतकाल में बदलिए)

उ. 48) अन्य लिंग रूप लिखिए । 1) बादशाह 2) सुनार । 2X1=2

ऊ. 49) अन्य वचन रूप लिखिए । 1) बात 2) लता । 2X1=2

ए. 50) समानार्थक शब्द लिखिए । 1) आकाश 2) नभ । 2X1=2

ऐ. 51) विलोम शब्द लिखिए । 1) अंदर 2) शुभ । 2X1=2

VI. अ. निम्नलिखित अनुच्छेद पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5X1=5

52) 17 वर्ष की आयु में भीमराव का विद्यार्थी जीवन में ही 9 (नौ) वर्ष की रमाबाई के साथ विवाह हो गया । अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए भीमराव बम्बई के एलफिंस्टन कॉलेज में दाखिल हो गए । उस समय एक अछुत के लिए यह बहुत अनोखी बात थी । मगर रामजी सुबेदार भीमराव को पढाने में कठिनाई महसूस करने लगे, तो केलुस्कर गुरुजी भीमराव को बडौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड जी के पास ले गए । महाराजा ने भीमराव की उच्च शिक्षा के लिए रू. 25 मासिक छात्रवृत्ति स्वीकृत कर दी । समाज की क्रूर जाती-व्यवस्था उन्हे पग-पग पर पीडा पहुँचाती रही वे संस्कृत पढना चाहते थे । मगर अछुत होने के कारण उन्हें संस्कृत भाषा नहीं पढने दी गई ।

1) भीमराव का विवाह किसके साथ हुआ ?
2) भीमराव मुम्बई में किस कॉलेज में दाखिल हो गए ।
3) केलुस्कर गुरुजी भीमराव को किस महाराजा के पास ले गए ?
4) महाराजा ने भीमराव की उच्च शिक्षा के लिए कितने रूपयों की छात्रवृत्ति स्विकृत कर दी ?
5) भीमराव कौनसी भाषा पढना चाहते थे ?

VII. आ. 53) चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए । 1X5=5

-अथवा- नशीले पदार्थों से बचे रहने का निर्देश देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

इ. 54) हिंदी में अनुवाद कीजिए। 5X1=5

1) ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಮಿತ್ರರು. Books are our best friends.
2) ನಾವು ವಿಜ್ಞಾನ ಯುಗದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುತ್ತೇವೆ. We are living in an age of Science.
3) ಗಂಗೆಯು ನಮ್ಮ ಪವಿತ್ರ ನದಿಯಾಗಿದೆ. Ganga is our holy river.
4) ಯಾವಾಗಲೂ ಸತ್ಯವನ್ನು ನುಡಿ. Always speak the truth.
5) ನಾವು ನಮ್ಮ ದೇಶವನ್ನು ಪ್ರೀತಿಸಬೇಕು. We should love our country.

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com